ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक पर आधारित

अर्द्धवार्षिक परीक्षा

GM-02

समय : 3.00 घंटे | कक्षा–9 | पूर्णांक : 20+50 = 70

विषय–हिन्दी

नोट : (क) प्रश्न पत्र दो खण्डों 'अ' एवं 'ब' में विभाजित है।
(ख) खण्ड 'अ' में बहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न है।
(ग) बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर OMR शीट पर तथा वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका पर दीजिए।

खण्ड–'अ' (बहुविकल्पीय प्रश्न) 20

1. भारतेन्दु युग के निबन्धकार हैं–
   (अ) बालकृष्ण भट्ट (ब) गुलाबराय
   (स) श्यामसुन्दर दास (द) रामचन्द्र शुक्ल
2. आज सोनजूही में कैसी कली लगी है–
   (अ) पीली (ब) लाल
   (स) गुलाबी (द) हरी
3. प्रेम–दीवानी मीरा किसके रूप–सौन्दर्य पर मुग्ध है–
   (अ) श्री राम के (ब) श्री कृष्ण के
   (स) बलराम के (द) राधा के
4. कबीरदास के गुरु का क्या नाम था–
   (अ) दीनानन्द (ब) परमानन्द
   (स) रामानन्द (द) रामचन्द्र
5. प्रेमचन्द का जन्म किस शहर में हुआ–
   (अ) वाराणसी (ब) कानपुर
   (स) लखनऊ (द) प्रयागराज
6. निम्न में से निराला की रचना है–
   (अ) अणिमा (ब) यामा
   (स) अनघ (द) दिवोदास
7. पन्ना के पुत्र का क्या नाम था–
   (अ) चन्दन (ब) बनवीर
   (स) उदयसिंह (द) शक्ति सिंह
8. अलंकार के कितने भेद होते हैं–
   (अ) 1 (ब) 2
   (स) 3 (द) 4

9. दोहे में कितने चरण होते हैं?
   (अ) 1 (ब) 2
   (स) 3 (द) 4
10. संयोग और वियोग किस रस के दो रूप हैं–
    (अ) वीर रस (ब) श्रृंगार रस
    (स) करुण रस (द) हास्य रस
11. 'ईख' का तत्सम बताइए–
    (अ) दिल (ब) पत्ता
    (स) चक्षु (द) इक्षु
12. आय का विलोम है–
    (अ) व्यय (ब) इच्छा
    (स) प्रकृति (द) आमदनी
13. आँख का पर्यायवाची है–
    (अ) यातना (ब) लोचन
    (स) देवी (द) लक्ष्मी
14. निम्न में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–
    (अ) सामर्थ (ब) स्रार्मथ
    (स) सामर्थ्य (द) सार्मथ्य
15. 'अस्थि' शब्द का तद्भव रूप है–
    (अ) कलश (ब) हड्डी
    (स) अश्रु (द) अग्र
16. आदिकाल को किस नाम से जाना जाता है–
    (अ) मध्यकाल (ब) युद्धकाल
    (स) वीरगाथाकाल (द) श्रृंगार काल
17. 'महा + ऋषि :' की सन्धि होगी–
    (अ) महर्षि (ब) महर्षि
    (स) महर्षि (द) महार्षि
18. संस्कृत में कितने वचन होते हैं–
    (अ) तीन (ब) दो
    (स) चार (द) एक
19. पत्र लेखन की शैली होनी चाहिए–

Hindustanknowledge.com

(अ) रोचक (ब) उबाऊ

(स) हास्यास्पद (द) वर्णनात्मक

20. प्रेमचन्द की रचना है–

(अ) स्कन्दगुप्त (ब) सेवासदन

(स) शकुन्तला (द) साहित्य लोचन

खण्ड–'ख' [वर्णनात्मक प्रश्न]

21. **निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

वही हरा–भरा मैदान था। वही सुनहरी चाँदनी, एक निःशब्द संगीत की भाँति प्रकृति पर छायी हुई थी, वही मित्र–समाज था। वही मनोरंजन के सामान थे। मगर जहाँ हास्य की ध्वनि थी, वहाँ अब करूण –क्रंदन और अश्रु प्रवाह था।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए। 2

(ख) वहाँ चाँदनी कहाँ और कैसी छायी हुई थी? 2

(ग) किसकी वर्षगाँठ मनायी जा रही थी? 2

22. **निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग।
चंदन विष व्यापत नहीं, लिपटे रहत भुजंग।।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए। 2

(ख) उपर्युक्त दोहे मे किस पर प्रकाश डाला गया है? 2

(ग) उपर्युक्त दोहे में कौन–सा रस है? 2

23. **निम्नलिखित संस्कृत अवतरणों में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए।** 6

श्रीकृष्णस्य जन्म भाद्रपदमासस्य कृष्णपक्षस्य अष्टम्यां तिथौ मथुरायाम् अभवत्। मध्यरात्रे यदायम् उत्पन्नः जातः तदा आकाशे घटाटोपाः मेघाः मूसलाधाराः वर्षाः अकुर्वन्। तदा रात्रिः अन्धकारपूर्णा आसीत्। परं वसुदेवः पुत्रस्य रक्षार्थं सद्योजातं तम् आदाय उत्तालतरङ्गां यमुनाम् उत्तीर्य गोकुले नन्दगृहं प्राप्नोत्।

अथवा

रक्षिता स्वस्य धर्मस्य स्वजनस्य च रक्षिता।
वेदवदाङ्गतत्वज्ञो धनुर्वेदे च निष्ठितः।।

24. **'दीपदान' एकांकी की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए।** 6

अथवा

'दीपदान' एकांकी के आधार पर पन्नाधाय का चरित्र–चित्रण कीजिए।

25. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक का जीवन–परिचय देते हुए उनकी रचनाओं का नाम लिखिए। 4

(अ) प्रेमचन्द (ब) काका कालेलकर (स) महादेवी वर्मा

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक का जीवन–परिचय देते हुए उनकी रचनाओं का उल्लेख कीजिए। 4

(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) कबीरदास (स) मैथिलीशरण गुप्त

26. **अपनी पाठ्य पुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न–पत्र मे न आया हो।** 2

27. **किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए।** 4

(क) लोके कियन्तः सन्तः सन्ति? (ख) रामकृष्णस्य महान सन्देशः किम्?

(ग) राम कस्मिन वंशे उत्पन्नः आसीत्?

28. **किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए।** 4

(क) माता–पिता का आदर करो। (ख) मनन गेंद से खेलता है।

(ग) माधव स्कूल जाता है।

29. **शुल्क माफी हेतु प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए।** 6

अथवा

अस्वस्थ होने के कारण एक दिन के अवकाश हेतु एक प्रार्थना पत्र अपने प्रधानाचार्य को लिखिए।

30. **निम्नलिखित मुहावरे एवं लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ बताते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए।** 2

(क) ऊँट के मुँह में जीरा

(ख) जले पर नमक छिड़कना

(ग) एक अनार सौ बीमार

Hindustanknowledge.com